पंचायत एवं समाज का दैनिक हिन्दी अखबार
RNI Reg. - CHHHIN/2021/82382
पृथक छत्तीसगढ़
जांजगीर-चाम्पा जिले से प्रकाशित
सच के साथ हमेशा
वर्ष-4 अंक-54 / सोमवार 23 सितम्बर 2024 / पृष्ठ-4 मूल्य-1 रुपए / prithakchhattisgarh@gmail.com

पहला कॉलम

मौसम में सुधार होते ही चार धाम यात्रा में बढ़ने लगी भक्तों की तादाद

देहरादून। इस साल 10 मई को शुरू हुई चार धाम यात्रा को पिछले महीने राज्य में आई आपदा के कारण रोकना पड़ा था। अब यात्रा ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। जैसे-जैसे मौसम साफ हो रहा है, श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। आपको बता दें कि सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक इस साल अब तक(21 सितंबर) 35 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चार धाम यात्रा कर चुके हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, बद्रीनाथ धाम में अब तक 9,89,282 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि केदारनाथ धाम में 11,45,897 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। गंगोत्री धाम में अब तक 6 लाख 72592 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं। जबकि यमुनोत्री धाम में अब तक 5 लाख 83455 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। हेमकुंड साहिब में भी 1,66,503 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इतना ही नहीं, अब चारधाम यात्रा पर जाने के लिए 60 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पिछले साल 72 लाख तीर्थयात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि साल 2023 में 56 लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए थे।

कार की टक्कर से पिलर पर अटकी लड़की, पुलिस बल मौके पर मौजूद

नोएडा। नोएडा में एलिवेटेड रोड के पिलर पर एक लड़की फंस गई। मौके पर मौजूद पुलिस बल और भीड़ उसे रेस्क्यू करने का प्रयास कर रही है। लड़की अपनी स्कूटी से जा रही थी। नोएडा के सेक्टर-25 के सामने एलिवेटेड रोड पर उसे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके बाद वह पिलर पर फंस गई।इसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने लड़की को देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर सेक्टर-20 थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और लड़की के रेस्क्यू का प्रयास शुरू किया। बताया जा रहा है है कि स्कूटी चला रही लड़की को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी, जिससे ये घटना हुई। एलिवेटेड रोड के पिलर पर फंसी लड़की का रेस्क्यू किया जा रहा है।

सड़क किनारे डंपर से टकराई बोलेरो , एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

ओरैया। एरवाकटरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। नोएडा से कानपुर के कल्याणपुर जा रही एक बोलेरो गाड़ी लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे के 137.6 किलोमीटर के निकट खड़े डंपर से जा टकराई। हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान पीयूष यादव, नीता यादव, संजू उर्फ संजना और आरव के रूप में हुई, जो सभी सूरजपुर, नोएडा के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ जब बोलेरो गाड़ी हरनागरपुर के समीप अचानक खड़े डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, और उसमें फंसे सभी यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही एरवाकटरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची ।

अमेरिका ने भारत को 297 कलाकृतियां लौटाई

मोदी ने राष्ट्रपति बाइडन को चांदी की ट्रेन का मॉडल उपहार में दिया

नयी दिल्ली/ एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को चांदी से बने हस्तनिर्मित प्राचीन रेलगाड़ी का मॉडल उपहार में दिया. यह महाराष्ट्र के कारीगरों द्वारा तैयार की गई एक दुर्लभ और असाधारण कलाकृति है, जो भारतीय धातु शिल्पकला की उत्कृष्टता को दर्शाती है.अधिकारियों ने बताया कि इस प्राचीन कलाकृति में जटिल काम किया गया है और यह 92.5 प्रतिशत चांदी से बनी है. यह कलाकृति भाप इंजन चालित रेलगाड़ी के युग को सर्मिपत है. यह कलात्मक प्रतिभा और ऐतिहासिक महत्व का मिश्रण है. उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाते हुए इस मॉडल में भारत में यात्री ट्रेन में प्रयुक्त मानक प्रारूप के आधार पर अंग्रेजी और हिंदी में मुख्य डिब्बे के दोनों ओर 'दिल्ली-डेलावेयर' और इंजन के दोनों ओर 'भारतीय रेलवे' लिखा गया है. यह कलाकृति न केवल कारीगरी के असाधारण कौशल को दर्शाती है, बल्कि भारतीय रेलवे के लंबे इतिहास और इसके वैश्विक प्रभावों का एक शानदार प्रमाण भी है. अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन को 'पापियर माशे' (कागज की लुगदी) डिब्बे में रखी पश्मीना शॉल भेंट कीं. पश्मीना शॉल जम्मू-कश्मीर की हस्तकला की समृद्ध और बेहतरीन विरासत का नमूना है. उन्होंने बताया कि समकालीन डिजाइनर आधुनिक कला, अधिक गाढ़े रंगों, नए-नए पैटर्न और 'फ्यूजन' (दो या अधिक कलाओं के मेल) शैलियों के साथ पश्मीना कारीगरी में प्रयोग कर रहे हैं. अधिकारियों ने कहा कि इससे यह सुनिश्चित होता है कि पश्मीना की विरासत प्रासंगिक बनी रहे और यह विभिन्न पीढि.यों और संस्कृतियों के दिलों को लुभाती रहे. पश्मीना शॉल पारंपरिक रूप से जम्मू-कश्मीर से 'पापियर माशे' डिब्बे में पैक करके दी जाती हैं. ये डिब्बे अपनी मनमोहक सुंदरता और शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध हैं. ये कागज की लुगदी, गोंद और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों के मिश्रण का उपयोग करके हाथ से बनाए जाते हैं. उन्होंने बताया कि यह प्रत्येक डिब्बा कला का एक अनूठा नमूना है, जो कश्मीर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है. अधिकारियों ने कहा कि ये डिब्बे न केवल उपयोगी हैं।

अगले साल भारत करेगा क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, 'आज बहुपक्षीय बैठकों में प्रधानमंत्री मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विभिन्न भागीदारों के साथ विकास के लिए सहयोग, संपर्क और जुड़ाव के लिए भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। अब भारत 2025 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया,डेलावेयर में कार्यक्रम के बाद न्यूयॉर्क पहुंचा। शहर में सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी समुदाय के बीच शामिल होने और अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हूं।

ड्रोन और लड़ाकू विमान को लेकर बड़ी डील

भारत अमेरिका के बीच ड्रोन और लड़ाकू विमान की खरीद को लेकर शनिवार को एक बडा करार हुआ। भारत अमेरिका से 31 जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9बी (16 स्काई गार्डियन और 15 सी गार्डियन) ड्रोन की खरीदने जा रहा है। अमेरिका ने फरवरी में भारतीय सेना को 3.99 अरब डॉलर की अनुमानित कीमत पर 31 एमक्यू-9बी ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दी थी। इन 31 ड्रोन में से, भारतीय नौसेना को 15 सी गार्डियन ड्रोन, भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना को आठ स्काई गार्जियन ड्रोन मिलेंगे।

राजनाथ सिंह ने कसा तंज

कश्मीर में लोकतंत्र को फलता-फूलता देख पाक को दर्द हो रहा

पुंछ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 18 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में भारी संख्या में हिस्सा लेने के लिए लोगों की रविवार को सराहना की और कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र को फ्लते-फूलते देख पाकिस्तान केपेट में दर्दहो रहा है. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर अपने घोषणापत्रों में संविधान के अनुच्छेद 370 की बहाली की बात करके लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन दलों कोपाकिस्तान के प्रॉक्सीके रूप में काम करना बंद कर देना चाहिए.उन्होंने कहा,विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 61 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ जो 30 वर्षों में सर्वाधिक है और लोकसभा चुनाव में हुए 58 प्रतिशत के रिकॉर्ड मतदान को भी पीछे छोड़ दिया. दुनिया में यह संदेश गया है कि अनुच्छेद 370 को भारत की बेहतरी के लिए हटाया गया.सिंह ने यहां भाजपा उम्मीदवार चौधरी अब्दुल गनी के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा,लोगों ने लोकतंत्र का झंडा इतना ऊंचा उठा दिया है कि पाकिस्तान के पेट में दर्द हो रहा है. हम पाकिस्तान के साथ दुश्मनी नहीं चाहते, क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं. पाकिस्तान अपनी घरेलू समस्याओं से अपने लोगों का ध्यान हटाने के लिए भारत के खिलाफ नापाक हरकतें करता रहता है.पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफके बयान का हवाला देते सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश को जम्मू-कश्मीर के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार किसने दिया ह आसिफने कहा था।

कांग्रेस-बसपा, इनेलो व आप पर बरसे योगी

हिंदुओं को चेताया,बोले बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे

लखनऊ/ एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हरियाणा के चुनावी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नरवाना, राई और असंध विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा की। योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों के बलबूते हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाने का आह्वान किया। कांग्रेस-इनेलो, बसपा व आम आदमी पार्टी उनके निशाने पर रही। कांग्रेस पर तंज कसते हुए सीएम योगी ने असंध में कहा कि कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा। इसे ऑक्सीजन दोगे तो यह सुरक्षा में सेंध लगाएगी। सीएम कांग्रेस, इनेलो, आप और बसपा पर हमलावर रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा नरवाना से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कृष्ण कुमार बेदी के पक्ष में हुई। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में पांच सौ वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हो चुके हैं। 1947 में आजादी के बाद पं. जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री बने थे। वे भी राम मंदिर बना सकते थे। उस समय विवाद भी इतना नहीं था। आजादी के तत्काल बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया तो इसके जिम्मेदार सेक्युलरिज्म का लबादा जोड़ने वाले दल हैं। प्रभु राम के नाम से कांग्रेस व इनेलो को परेशानी होती थी। इनका प्रयास भारत की आस्था व महापुरुष का अपमान करना था। भाजपा ने विवाद समाप्त कराए और राम मंदिर का निर्माण कराया।

विदेशों में सिखों को गाली देते हैं राहुल गांधी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने तीसरी जनसभा में असंध विधानसभा क्षेत्र से योगेंद्र राणा को जिताने की अपील की। जेजेपी उम्मीदवार ने यहां सीएम योगी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सीएम योगी ने कहा कि हरियाणा के लिंगानुपात को देखकर पता चलता है कि कांग्रेस शासन में यहां बेटी-बहनों के साथ अत्याचार होता था। 2014 से पहले सबसे खराब स्थिति हरियाणा की थी, लेकिन आज 1000 पुरुषों पर 900 महिलाएं हैं। करनाल में हरियाणा की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी खुल चुकी है। हरियाणा में खेल विश्वविद्यालय भी है। हरियाणा परिवारवाद का नहीं, विकास का नया मॉडल बनकर उभरा है।

दंतेवाड़ा में चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा. छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में तीन महिला नक्सलियों और एक पुरुष नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया. इन नक्सलियों पर कुल 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही जून 2020 में शुरू किए गए 'लोन वर्राटू' (स्थानीय गोंडी बोली में बोले जाने वाला शब्द जिसका अर्थ है अपने घर/गांव वापस लौटो) अभियान के तहत अब तक दंतेवाड़ा में 872 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है. पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि एक दंपति समेत चार नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया.

बस्तर शांति समिति

नक्सल पीड़ितों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात,सुनाई चार दशक की पीड़ा-व्यथा

रायपुर। संवाददाता

छत्तीसगढ़ के बस्तर के माओवादी हिंसा से पीड़ित बस्तरवासी अपनी गुहार लेकर भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने राष्ट्रपति भवन पहुंचे। बस्तर शांति समिति के बैनर तले 50 से अधिक नक्सल पीड़ितों ने राष्ट्रपति के समक्ष अपनी पीड़ा और व्यथा सुनाई। पीड़ितों ने राष्ट्रपति से कहा कि उनका बस्तर सदियों से शांत और सुंदर रहा है, लेकिन बीते चार दशकों में माओवादियों के कारण अब यही बस्तर आतंकित हो चुका है। जिस बस्तर की पहचान यहां की आदिवासी संस्कृति और परंपरा रही है, उसे अब लाल आतंक के गढ़ से जाना जाता है। पीड़ितों ने ज्ञापन देकर राष्ट्रपति से मांग की है कि राष्ट्रपति भी इस विषय को लेकर संज्ञान लें और बस्तर को माओवाद मुक्त करने के लिए पहल करें। राष्ट्रपति से मिलने पहुंचे पीड़ितों ने कहा कि माओवादियों ने उनके जीवन को नर्क बना दिया है। उन्होंने बताया कि बस्तर में माओवादी आतंक के कारण स्थितियां ऐसी है कि आम जन-जीवन जीना भी मुश्किल हो गया है। माओवादियों ने ग्रामीण एवं वन्य क्षेत्रों में बारूदी सुरंग बिछा रखे हैं, जिसकी चपेट में आने के कारण बस्तरवासी ना सिर्फ गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं, बल्कि मारे भी जा रहे हैं। बस्तर से अपनी पीड़ा बताने राष्ट्रपति भवन पहुंची 16 वर्षीय नक्सल पीड़िता राधा सलाम ने राष्ट्रपति को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि माओवादी हिंसा के कारण उसने अपने एक आंख की रोशनी खो दी है। उसने पूछा कि आखिर इसमें मेरा क्या कसूर है?

पटना के बाढ़ प्रभावित बिंद टोला इलाके में सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए लोग अस्थायी नाव का इस्तेमाल करते हुए ।

मैं एमवीए के लिए प्रचार करूंगा

महाराष्ट्र में भाजपा का सफाया हो जाएगा.....

मुंबई। जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रविवार को कहा कि वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में विपक्षी महा विकास आघाडी के लिए प्रचार करेंगे. उन्होंने दावा किया कि इस चुनाव में सत्तारूढ. भारतीय जनता पार्टी का सफाया हो जाएगा. जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने में अहम भूमिका निभाने वाले मलिक मुंबई में शिवसेनाप्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास पर उनसे मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए नवंबर में चुनाव प्रस्तावित है. राज्य में सत्तारूढ. महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना, भाजपा और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राकांपा शामिल है. विपक्षी एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार नीत राकांपा (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं.

जनता की अदालत में मोदी पर बरसे अरविंद केजरीवाल

लांछन के साथ नहीं जी सकता....ईमानदार लगूं तो वोट देना...

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी ने रविवार को 'जनता की अदालत' का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से काम करने की वजह से पीएम मोदी ने उन्हें जेल में भिजवाया। केजरीवाल ने कहा कि पिछले दस साल से वह ईमानदारी से सरकार चला रहे थे, उन्होंने बिजली और पानी मुफ्त किया, लोगों के लिए इलाज मुफ्त किया, शिक्षा को उत्कृष्ट बनाया। पीएम को उनकी ईमानदारी देखकर लगने लगा कि इनसे जीतने के लिए इनकी ईमानदारी पर हमला करना होगा, इसलिए उन्होंने आप को बेईमान साबित करने के लिए उनके एक-एक नेता को जेल में डाल दिया। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने आगे कहा, 'मोदी जी ने हमारे ऊपर देश का सबसे कठोर कानून लगाया, कक्रू कानून, इसमें बेल भी नहीं मिलती लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हम सभी को बेल दे दी। मैं इस दाग के साथ नहीं जी सकतकाम करना तो दूर की बात, मैं इस दाग के साथ जी भी नहीं सकता।' उन्होंने आग कहा, 'इसलिए मैंने सोचा कि मैं जनता की अदालत में जाऊंगा। अगर मैं बेईमान होता तो मुफ्त बिजली के लिए दिए गए तीन हजार करोड़ रुपए गबन कर लेता, महिलाओं के लिए किराया मुफ्त नहीं करता, बच्चों के लिए स्कूल

नहीं बनवाता, 22 राज्यों में उनकी सरकार है, कहीं भी बिजली मुफ्त नहीं है, कहीं भी महिलाओं के लिए किराया मुफ्त नहीं है, फिर चोर कौन है? मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल चोर है या केजरीवाल को जेल भेजने वाले चोर हैं जंतर-मंतर पर अपना संबोधन शुरू करते हुए केजरीवाल ने कहा, 'आपके बीच आकर अच्छा लग रहा है। आज यहां जंतर-मंतर पर पुराने दिन याद आ गए। मुझे आज भी तारीख याद है, 4 अप्रैल 2011 का दिन था जब आज़ाद भारत का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन अन्ना आंदोलन यहां से शुरू हुआ था। उस वक्त की सरकार हमें चैलेंज करती थी कि चुनाव लड़कर दिखाओ और जीतकर दिखाओ, चुनाव लड़ने के लिए पैसा, गुंडे, आदमी चाहिए थे और हमारे पास यह सब नहीं था। हमारे पास न पैसा था न आदमी थे न गुंडे थे, हम चुनाव कैसे लड़ते, फिर हम चुनाव लड़ लिए और जनता ने हमें जीता दिया। देश में हमने 2013 में साबित कर दिया कि ईमानदारी से चुनाव लड़े भी जा सकते हैं।

तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

जीवन में आनंद और खुशियां अपने हाथ में है: राज्यपाल डेका

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका रविवार को तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम रायपुर द्वारा 'गुड लाइफ-गुड लक' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन में आनंद और खुशियां अपने हाथ में है। कम सुविधाओं में भी खुश रहा जा सकता है। समय का प्रबंधन भी बहुत जरूरी है।

राज्यपाल रमेन डेका ने मुनि सुधाकर एवं मुनि नरेश कुमार के सानिध्य में अनुभव एवं ज्योतिष शास्त्र पर आधारित विशेष प्रवचन कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि दुनिया एक मंच है जिसमें सभी की भूमिकाएं निर्धारित है। जिसको निभाना है ।समाज के बारे में भी हमें सोचना है। समाज ने हमको क्या दिया यह न सोचकर हम समाज को क्या दे रहे है यह सोचें।

राज्यपाल डेका ने कहा कि हमे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के बारे में भी जागरूक होना है। जल की बरबादी रोकें और वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था को बढ़ावा दे। जनसंख्या और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। वर्तमान युग में सादा जीवन बहुत मुश्किल है। हमारे लिए धन केवल उतना ही जरूरी है जितना खान-पान, बीमारी, अतिथि सत्कार के लिए जरूरत है। अनावश्यक प्रतिस्पर्धा से बचना होगा। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल सही तरीके से हो इस पर ध्यान देना है। उन्होंने मोबाइल के ज्यादा उपयोग को नुकसानदायक बताया।

उन्होंने कहा कि आज के समय में, जब हम डिजिटल युग में रह रहे हैं, हमें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सोशल मीडिया, अत्यधिक प्रतिस्पर्धा, और बदलते सामाजिक मूल्यों के बीच सही दिशा में आगे बढ़ना ही हमारी सफलता का रहस्य है। हमें नई तकनीकों और साधनों का सदुपयोग करते हुए अपनी प्रतिभा और कौशल को विकसित करना चाहिए। इसके साथ ही, हमें यह याद रखना चाहिए कि जीवन का असली सौंदर्य हमारे नैतिक मूल्यों और आत्म-संतोष में है।

राज्यपाल ने कहा कि ''गुड लाइफ'' एक यात्रा है, न कि गंतव्य। यह हमारे विचारों, कर्मों और रिश्तों का समन्वय है। ''गुड लक'' हमारा साथी तब बनता है जब हम इस यात्रा में ईमानदारी, समर्पण, और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हैं। इसलिए, हमेशा अच्छे कर्म करें, सही दिशा में आगे बढ़ें, और आपका सौभाग्य स्वयं आपके साथ होगा।

इस अवसर पर आचार्य सुधाकर मुनि ने भी जीवन से जुड़े अपने विचार रखे। कार्यक्रम में तेरापंथ फोरम के पदाधिकारी एवं जैन समुदाय की महिलाएं एवं पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने डिब्रूगढ़ से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का उद्घाटन किया

लोगों की भागीदारी ने स्वच्छ भारत मिशन को जन आंदोलन में बदल दिया है : सर्बानंद सोनोवाल

डिब्रूगढ़: केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज सरकार के 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमो में शामिल हुए। सोनोवाल ने शहर के सिविल अस्पताल में आयोजित 'स्वच्छता में जन भागीदारी' के तहत सफाई अभियान में भाग लिया, जिसका उद्देश्य सफाई कर्मचारियों, सरकारी कर्मचारियों और आम लोगों को नियमित सफाई में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना था। एलएससी सांसद (लोकसभा), केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने डिब्रूगढ़, चबुआ, तिनसुकिया, मार्गेरिटा, डिगबोई, मकुम, नाहरकटिया और नामरूप के विभिन्न नगर निकायों के तहत काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के लाभ के लिए ऐतिहासिक चौकीडिंगी मैदान में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 500 से अधिक सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया, जहां सोनोवाल ने उनसे बातचीत भी की। सोनोवाल ने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी सामाजिक सुरक्षा और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए सभी आवयश्क कदम उठाएगी।

इस अवसर पर बोलते हुए सोनोवाल ने कहा, स्वच्छ भारत अभियान सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय आंदोलन है जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में सफलतापूर्वक चल रहा है। बापू महात्मा गांधीजी के शब्दों से प्रेरित होकर हमारे गतिशील नेता नरेंद्र मोदी जी ने एक दशक पहले इस अभियान की शुरुआत की थी जो आज भी आम लोगों की शानदार प्रतिक्रिया के साथ मजबूती से जारी है। इस वर्ष, इस सेवा पखवाड़े के दौरान, हम 'स्वच्छता ही सेवा' थीम मना रहे हैं क्योंकि हम एक स्वच्छ कल की ओर अपनी यात्रा जारी रखते हैं। इस प्रयास में, हमारे समाज का सबसे महत्वपूर्ण वर्ग हमारे भाई और बहन हैं जो सफाई कर्मचारी के रूप में काम कर रहे हैं। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि हम आज डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र की देखभाल करने वाले 500 से अधिक सफाई कर्मचारियों के साथ एक छत के नीचे बैठे हैं। मैं आज पूरी श्रद्धा के साथ आप सभी के सामने नतमस्तक हूं। आगे कहते हुए सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, एक सार्वजनिक कार्यक्रम तभी एक सच्चे जन आंदोलन में बदल जाता है, जब उसमें सच्ची भागीदारी हो। और जब ऐसा आंदोलन होता है, तो सफलता जरूर मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान एक शक्तिशाली जन आंदोलन बन गया है।

मुख्यमंत्री ने किया 'मोदी है तो सम्भव है' पुस्तक का विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार रात रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध साहित्यकार, गीतकार रामेश्वर दास वैष्णव द्वारा रचित पुस्तक 'मोदी है तो सम्भव है' का विमोचन किया। विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुस्तक के लेखक रामेश्वर दास वैष्णव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में प्रत्येक क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं। साथ ही देश के प्रत्येक वर्ग का सर्वांगीण विकास हुआ है। ऐसे में उन्होंने साहित्यिक रचना हेतु पुस्तक के लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस किताब में प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियों को अलग अंदाज में मुक्तकों के द्वारा प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री के प्रेस ऑफिसर आलोक सिंह, सुप्रसिद्ध रंगकर्मी अनिल शर्मा, लेखक विजय मिश्रा 'अमित', सतीश शर्मा, पत्रकार योगेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, हेमंत शर्मा उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से मिली आर्थिक सहायता

बिलासपुर में 9 माह में 131 मरीजों को मिला लाभ

रायपुर। बिलासपुर के हेमूनगर निवासी लालवानी परिवार के मुखिया खियाल दास लालवानी को किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' के तहत सहायता राशि स्वीकृत हुई है, जिससे अब उनका इलाज चल रहा है, और परिवार ने राहत की सांस ली है। लालवानी परिवार ने मुख्यमंत्री साय की संवेदनशील पहल के लिए आभार जताया है।

लालवानी परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब उनके घर के एक मात्र कमाने वाले सदस्य किडनी की गंभीर बीमारी की चपेट में आ गए। बुधवारी बाजार में अपने छोटे से व्यवसाय से परिवार चलाने वाले मुखिया की गंभीर बीमारी ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। खियाल दास लालवानी की पत्नी श्रीमती लक्ष्मी लालवानी ने भावुक होकर बताया

कि पिछले 6 साल में महंगे इलाज के खर्च में उनकी जमा पूंजी खत्म हो गई, दो बेटियों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी। इस परिस्थिति में बेटियों की उच्चशिक्षा का खर्च उठाना मुश्किल हो गया और मुझे व्यवसाय संभालना पड़ा, जबकि मैं हमेशा से एक गृहिणी थी। श्रीमती लालवानी ने बताया कि बेटियों ने अपनी पढ़ाई के साथ घर पर ट्यूशन पढ़ाकर परिवार के जरूरी खर्च पूरे किए, लेकिन डायलिसिस का महंगा खर्च वहन करना उनके लिए बेहद मुश्किल था। ऐसे में उन्हें इस योजना के विषय में जानकारी मिली, और आवेदन करने के बाद त्वरित रूप से सहायता राशि स्वीकृत हुई। अब आसानी से उनके पति का इलाज हो पा रहा है। श्रीमती लालवानी कहती हैं कि मुख्यमंत्री की इस संवेदनशील योजना से उनके पति को नई जिंदगी मिली है, उन्होंने मुख्यमंत्री साय का आभार जताते हुए कहा कि अचानक आई इस मुसीबत से उबरने में इस सहायता राशि से उन जैसे कई परिवारों को बड़ी मदद मिली है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गंभीर रोगों के इलाज के लिए 25 लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। जिले में अब तक 636 लोगों ने योजना के तहत लाभ प्राप्त किया है, और इस वर्ष जिले के 131 मरीजों को योजना के तहत लाभान्वित किया गया है।

27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 6 दिन चलेगी यात्रा

गिरौदपुरी से रायपुर तक कांग्रेस निकालेगी न्याय यात्रा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 6 दिन की न्याय यात्रा का आयोजन करने जा रही है। यह यात्रा बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी से शुरू होकर राजधानी रायपुर के गांधी मैदान तक निकाली जाएगी। 125 किलोमीटर की इस पदयात्रा का समापन महात्मा गांधी की जयंती पर विशाल जनसभा के साथ होगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राजीव भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस यात्रा के उद्देश्यों को साझा किया। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध, महिलाओं के खिलाफअत्याचार और विभिन्न समाजों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ यह यात्रा निकाली जा रही है।

यात्रा के मुख्य उद्देश्य:

प्रदेश में बढ़ती हत्या, लूट, चाकूबाजी और डकैती की घटनाओं के खिलाफ जनता में जागरूकता और विरोध। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं के खिलाफआवाज उठाना। बलौदाबाजार में निर्दोषों की गिरफ्तारी और सतनामी समाज के लोगों की रिहाई की मांग। कवर्धा में साहू समाज के तीन बेटों की हत्या और प्रशांत साहू की पुलिस प्रताड़ना में हुई मौत की न्यायिक जांच की मांग। दीपक बैज ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज में समानता, एकता और भाईचारे का संदेश दिया था, और इस यात्रा के माध्यम से हम अपराध मुक्त और सुरक्षित छत्तीसगढ़ की कामना कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश की शांति और सौहार्द को बचाने के लिए निकाली जा रही है, ताकि छत्तीसगढ़ एक बार फिर शांति का टापू बन सके। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पदाधिकारी भी उपस्थित थे, जिनमें धनेन्द्र साहू, डॉ. शिवकुमार डहरिया, गुरू रूद्र कुमार, मलकीत सिंह गैदू और अन्य नेता शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

एशियन पेंट्स नियोभारत ने ग्रामीण भारत के 'प्रगति के रंग' दिखाने के लिए यूट्यूब क्रिएटर्स के साथ साझेदारी की है

नईदिल्ली। अग्रणी पेंट और डेकोर ब्रांड एशियन पेंट्स, जो भारत भर में घरों और जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, की ओर से गर्व से पेश है 'प्रगति के रंग', एक ऐसी कंटेंट सीरीज़ जो एशियन पेंट्स के नियोभारत लेटेक्स पेंटद्वारा शामिल की गई प्रगति की भावना को कैप्चर करती है। यह सीरीज़ यूट्यूब क्रिएटर्स और छोटे शहरों के व्यक्तियों की प्रेरक कहानियों की सराहना करती है और इसमें एक सुनहरे भविष्य की ओर उनकी इस बदलाव यात्रा को दिखाया जा रहा है। 'प्रगति के रंग' सिर्फव्यक्तिगत विकास को ही नहीं दिखाती है बल्कि यह ग्रामीण भारत में नियोभारत लेटेक्स पेंट के प्रभाव को भी दिखाती है। एशियन पेंट्स का लक्ष्य इन दूरदर्शी कहानियों की मदद से ग्रामीण भारत के समुदायों की कहानियाँ दिखाकर ग्रामीण ऑडियंस से जुड़ना है और इस बात पर ध्यान दिलाना है कि ये समुदाय देश की प्रगति में कैसे योगदान देते हैं। एशियन पेंट्स के 'प्रगति के रंग' में चार यूट्यूब क्रिएटर्स की प्रेरक कहानियाँ हैं, जो भले ही छोटे शहरों से आते हैं, फिर भी अपनी प्रेरणादायक कहानियों और कंटेंट की मदद से सोशल मीडिया पर उनके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं। इस सीरीज़ में सोनीपत के एक फिटनेस क्रिएटर और राष्ट्रीय क्रिएटर पुरस्कार विजेता अंकित बैयानपुरिया को दिखाया गया है, जो नियोभारत लेटेक्स पेंट्स के साथ मिलकर एक स्थानीय अखाड़े को फिर से एक नया रूप देकर इसकी दीवारों को युवा पहलवानों के सपनों को दिखाने वाले ग्राफिक आर्टवर्क से भर रहे हैं। दूसरे एपिसोड में जामताड़ा के ट्रक ड्राइवर और यूट्यूब स्टार राजेश रवानी को दिखाया गया है, जो ह॥-33केएक पसंदीदा ढाबे में बदलाव लातेहैं। यह ढाबा, जो आराम करने के लिए है, अब इसकी दीवारों पर ऐसे ग्राफिक आर्टवर्क लगे हुए हैं जो भारत की प्रगति में ट्रक ड्राइवरों की महत्वपूर्ण भूमिका का आदर करते हैं। तीसरे एपिसोड में संतोष जाधव के बारे में बताया गया है, जिन्हें भारतीय किसान के रूप में जाना जाता है, वे सांगली के एक ऐसे यूट्यूबर हैं जो भारतीय किसानों को आधुनिक पद्धतियों से परिचित कराकर कृषि में क्रांति ला रहे हैं। यह एपिसोड सांगली के विटा में कृषि उत्पादन बाजार समिति की जिंदादिली को दिखाता है, जहाँ दीवारों पर लगे ग्राफिक आर्टवर्क में तकनीक-प्रेमी किसानों और व्यापारियों के साथ उनकी बढ़ती साझेदारी का गुणगान किया गया है। अंतिम एपिसोड में आंध्र प्रदेश के हर्षा साईंके बारे में बताया गया है, जो नेकी करके, दिलचस्प चुनौतियों और प्रेरक कहानियों के ज़रिए दूसरों के सपनों को पूरा करने पर केंद्रित कंटेंट बनाने के लिए जाने जाते हैं।

जयपुर रग्स की हाथों से बनाई गई कलाओं का शानदार मेला

नईदिल्ली। वार्षिक महोत्सव में हाथ से बुने कालीनों का देखें जादू, कारीगरों को संरक्षकों से जोड़ें भारत की समृद्ध कपड़ा विरासत की प्रतीक और हाथ से बनी कालीनों के निर्माण में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी जयपुर रग्स ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम रग उत्सव की शुरुआत की घोषणा की है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसा उत्सव है जो व्यापर से आगे जाकर ग्रामीण भारतीय कारीगरों की कला और दुनिया भर के ग्राहकों की पसंद को एक साथ लाता है। जयपुर रग्स एक शानदार वित्तीय वर्ष में 975 करोड़ के ग्रुप टर्नओवर के साथ और पुणे और लंदन में नए स्टोरों के सफल लॉन्च के बाद, रग उत्सव एक बार फिर दिलों को लुभाने के लिए तैयार है। भारत, मिलान, दुबई, रूस और चीन जैसी जगहों पर 17 स्टोरों के साथ, ब्रांड अब भारत में विशेष रूप से एक महीने का उत्सव आयोजित करने के लिए तैयार है, जो इसके भारतीय लोकेशंस और इसकी वेबसाइट पर एक यादगार अनुभव प्रदान करता है। रग उत्सव, भारत की समृद्ध हस्तनिर्मित कालीन और गलीचों की परंपरा का एक माह लंबा उत्सव है। पिछले वर्ष के आयोजन ने शानदार सफलता प्राप्त की, जिसमें जयपुर रग्स के भारत भर के स्टोर्स और ऑनलाइन चैनलों से 15 करोड़ की बिक्री हुई। इस वर्ष, देशभर में जयपुर रग्स सशक्त उपस्थिति के साथ, एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं, जिसमें ?50 करोड़ का राजस्व प्राप्त करने का अनुमान है। रग उत्सव जयपुर रग्स के कारीगरों के उत्कृष्ट हस्तशिल्प को सम्मानित करता है और उनकी कृतियों को वैश्विक दर्शकों से जोड़ता है, जिससे जयपुर रग्स की परंपरा और आधुनिक डिजाइन के बीच सेतु निर्माण की दृष्टि को और सुदृढ़ किया जा सके। रग उत्सव में, मेहमानों को 5,000 से ज्यादा बेहतरीन रगों के एक जबरदस्त सिलेक्शन को देखने का मौका मिलेगा, जिनमें से हर एक परंपरा, संस्कृति और शिल्प कौशल की एक अनूठी कहानी कहता है।

कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी 14' के प्रतियोगियों को टाइगर श्रॉफ, विक्रांत मैसी और करण वाही से प्यार मिला!

रायपुर। जबकि कलर्स का 'खतरों के खिलाड़ी 14' फिनिश लाइन के नज़दीक पहुंच रहा है, सेमीफिनाले एक्शन से भरपूर होने वाला है, जहां प्रतियोगी डर की सरज़मीं पर अनुभवी सैलानी बन गए हैं! लेकिन अंतिम बोर्डिंग कॉल से पहले, भरपूर ड्रामा, हंसी और रोमांचक स्टंट का मज़ा मिलने वाला है। दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की नकल करते हुए, करण वीर मेहरा ने पूरे जोश से पूरे शो में अभिषेक कुमार की किस्मत का मज़ाक उड़ाया, जिससे दर्शक और रोहित शेट्टी हंस-हंसकर लोट-पोट हो गए। करण ने बड़े मज़े से यह जानने का दावा किया कि शो के बाद सभी प्रतियोगियों ने क्या योजना बनाई है, जिसमें शालीन भनोट भी शामिल हैं, जो उनके अनुसार, ओवरएक्टिंग की अकादमी×ह39; खोलने वाले हैं। करण ने शालीन के सिग्नेचर वॉक की नकल भी की, लेकिन रोहित शेट्टी उनकी इस नकल से स्पष्ट रूप से असंतुष्ट थे, जिन्होंने खुद आगे बढ़कर शालीन की तरह चलने की मास्टरक्लास देनी शुरू कर दी, जिससे हर कोई हंसने लगता है। इसके बाद एक भावुक पल सामने आता है, जब अभिषेक कुमार अपने माता-पिता के साथ वीडियो कॉल पर बात करते हैं। अभिषेक बताते हैं कि जब वह अपने क्लॉस्ट्रोफोबिया के कारण शो के लिए साइन अप करने में झिझक रहे थे, तो उनके पिता ने उन्हें आश्वस्त किया था कि रोहित शेट्टी उनका ख्याल रखेंगे। टाइगर श्रॉफने अपनी बहन कृष्णा श्रॉफको शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अक्सर उन्हें 'फ्द्धू' कहकर बुलाते थे, लेकिन उन्होंने जो स्टंट्स किए थे वह उनके आधे स्टंट भी नहीं कर पाएंगे! अपनी आनंददायक टूटी-फूटी हिंदी में, कृष्णा स्वीकार करती हैं कि रोहित शेट्टी की आवाज़ उन्हें ऊर्जा से भर देती है, जिससे वह अपनी चुनौतियों को पार कर जाती हैं। टाइगर रोहित से विनम्रतापूर्वक अनुवाद पूछते हैं।

बड्स एक्ट लागू करने की मांग को लेकर निवेशकों ने घेरा एसडीएम कार्यालय

चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशक रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे

जांजगीर चांपा। प्रदेश में बड्स एक्ट 2019 लागू करने की मांग को लेकर चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशक जिला मुख्यालय जांजगीर के हाकी मैदान के पास पिछले 20 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। आंदोलन के आज 20 वें दिन निवेशकों ने ठगी पीड़ित जमाकर्ता इकाई छग के बैनर तले रैली निकालकर कलेक्टर के नाम एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

चिटफंड कंपनियों ने जिलेवासियों को खूब लूटा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में 76215 निवेशकों से 223 चिटफंड कंपनियों ने 2 अरब 17 करोड़ 40 लाख 70027 रूपये निवेश किया था और ये राशि डूब गई। ज्यादातर चिटफंड कंपनियों के कार्यालय बंद हो गए मगर निवेशकों को उनकी राशि नहीं मिली। उनके द्वारा थाने से लेकर न्यायालय तक का चक्कर भी लगाया गया। लेकिन उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। वर्ष 2018 में जब कांग्रेस सरकार बनी तो सरकार ने चिटफंड कंपनियों में डूबे रकम को वापस दिलाने के लिए आवेदन मंगाया। एक जनवरी 2019 से 15 फरवरी 2023 तक पीड़ितों ने आवेदन जमा किया। तहसील कार्यालयों में निवेशकों की भीड़ लगी और देखते ही देखते 76215 निवेशकों ने आवेदन दिया। मगर राशि लौटाने के नाम पर सिर्फ विनायक होम्स रियल स्टेट लिमिटेड की 45 लाख की संपत्ति 16 अप्रैल 2023 को नीलाम की गई और उसके निवेशकों को यह राशि लौटाई गई। महज एक मात्र कंपनी की संपत्ति नीलाम हुई जबकि 222 कंपनियों की संपत्ति की नीलामी नहीं हुई है। ज्यादातर कंपनियों की संपत्ति इस जिले में है ही नहीं यह जिला तो दूर इस प्रदेश में भी बहुतायत चिटफंड कंपनियों की संपत्ति नहीं है। ऐसे में सरकार कार्रवाई करे भी तो किस पर करे। इसके कारण चिटफंड में डूबी राशि की वसूली कठिन काम है। रैली में परिवार के साथ बड़ी संख्या में महिला पुरूष निवेशक शामिल थे।

भाजपा के घोषणा पत्र में भी रकम वापसी का वादा....

भाजपा के घोषणा पत्र में भी यह उल्लेख किया गया है कि प्रदेशवासियों की जाली चिटफंड में फंसी राशि की पांच सालों के अंदर वापसी सुनिश्चित करेंगे। इसको लेकर निवेशकों की उम्मीद फिर एक बार जगी है। निवेशक और चिटफंड कंपनी के एजेंटों ने पहले से ही संगठन बना लिया है और वे भी राशि वापसी के लिए धरना प्रदर्शन कर मांग करते रहते हैं। कांग्रेस के शासन काल में राशि वापसी की शुरूवात तो हुई मगर यह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।

एजेंटों ने अपनों को ठगा..... गए

जब जिले में चिटफंड कंपनियां संचालित हो रही थी । उस समय एजेंट टाई कोट पहनकर गांव-गांव घूमते थे और लोगों को 2 से 3 साल में राशि दोगुना करने का झांसा देकर लोगों को ठगा। ठगी के जो शिकार हुए उनमें से ज्यादातर एजेंटों के करीबी रिश्तेदार, मित्र और जान- पहचान के लोग ही थे। एजेंटों को राशि जमा कराने पर सीधा 25 प्रतिशत कमीशन दिया जाता था। एजेंट यह राशि चिटफंड कंपनियों में जमा करने से पहले अपना कमीशन काट लेते थे। चिटफंड कंपनियों के काले कारोबार में एजेंट भी लाल हो गये ।

लोहारडीह मामले को लेकर कांग्रेस ने किया नगरबंद....

जांजगीर-चाम्पा । कवर्धा जिले के लोहरडीह गांव में बर्बरतापूर्वक की गयी पुलिसिया कार्यवाही के चलते पुलिस अभिरक्षा में हुई प्रशांत साहू की मौत कांड को लेकर पूरा प्रदेश उबल रहा है इस मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा विष्णुदेव साय नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया । शनिवार को बुलाये गये छत्तीसगढ़ बंद को सफल बनाने को लेकर नगर में भी कांग्रेसी सड़क पर उतरे । नगर के कांग्रेसजनों द्वारा पुलिस की चाक चैबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच सैकड़ों की तादात में उपस्थित कांग्रेसजनों के साथ विधायक व्यास कश्यप, इंका नेता दिनेश शर्मा, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी, नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, महामंत्री शिशिर द्विवेदी, अजीत सिंह राणा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पप्पू शर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा, सभापति रामविलास राठौर व विष्णु यादव, जिला पिछड़ावर्ग कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश राठौर, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष आकाश तिवारी एवं अन्य प्रमुख कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में स्थानीय नेताजी चैक से प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक नगर के मुख्यमार्गो पर भ्रमण करते हुए सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं नागरिकों से बंद के समर्थन में अपील करते हुए नगरबंद कराया गया । इस दौरान नेताजी चैक में हुए सभा में कांग्रेसजनों ने प्रदेश की विष्णुदेव साय नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के राज में बिगड़ती कानून व्यवस्था की निंदा करते हुए डिप्टी सीएम व गृहमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा के गृहजिले में हुई घटना पर गृहमंत्री को बर्खास्त करने की मांग मुख्यमंत्री से की । कांग्रेसजनों ने कहा कि कवर्धा जिला जल रहा है, यहां लगातार हत्याएं हो रही हैं, कहीं फांसी लगाई जा रही है तो कहीं किसी के घर जलाये जा रहे हैं, पुलिस की अभिरक्षा में मौत हो रही है, महिलाओं को खुले आम पुलिस के द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठियों एवं डंडे से मारा जा रहा है । कवर्धा पूरी तरह से मणिपूर बन गया है । कांग्रेसजनों ने लोहारडीह मामले के घटना की हाईकोर्ट की सिटिंग जज से कराने की मांग की है । इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने जंगल रेंगाखार थाना की सीसीटीव्ही फुटेज निकलवाने तथा मृतक कचरू साहू का दोबारा पोस्टमार्टम करने की मांग की । इस दौरान प्रमुख रूप से महामंत्री आभाष बोस हीरा उपाध्याय, रफीक खान, अरमान खान, श्रीमती मुस्कान परबीन, वर्षा सिंह, पार्षद दुलौरीन चैरसिया, रेखा लदेर, चंपा प्रधान, अमन अग्रवाल, संतोषी राठौर, संतोष भोपालपुरिया, बबला महाराज, भोलू यादव, राजा सिद्दिकी, राजा खान नरसिम्हा यादव, गुड्डु पठान, अशोक सोनवानी, पूर्व पार्षद सत्यप्रकाश मुन्ना सिंह, परमेश्वर , विजय प्रकाश तिवारी, नोनीबाई, केरा बाई, रथ बाई, मीना बाई, ममता बाई सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

कबीरधाम जिले के नए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया

कवर्धा । कबीरधाम जिले के नव पदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा (आईएएस 2016) ने आज शनिवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कलेक्टर जनमेजय महोबे ने नवपदस्थ कलेक्टर महोबे ने कार्यभार ग्रहण कराने की औपचारिकताएं पूरी की। उन्होंने नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा को कबीरधाम जिले के प्रशासनिक तथा भौगोलिक स्थिति की पूरी जानकारी दी। निवर्तमान कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले में 2 वर्ष 2 माह बीस दिन तक कलेक्टर के तौर पर अपनी सेवाएं दी। उन्होंने कलेक्टर वर्मा को जिले की नई जिम्मेदारी मिलने के लिए बधाई दी और जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से परिचय कराया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू , संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर, लोहारा सुश्री आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण का 21 सितंबर शनिवार को यज्ञ आहुति के उपरांत गरिमा में माहौल में समापन

बिलासपुर - भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी गोविंद तिवारी अधिवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा संचालित सह-योग शिक्षक शिविर का सुबह 6:00 बजे हवन उपरांत पूर्ण आहुति के साथ समापन हो गया। अभिषेक भवन महामाया बिहार में प्रातः 6:00 पर जिला महिला प्रभारी श्रीमती हेमलता साहू द्वारा प्रारंभ कर समय पर हवन व पूर्ण आहुति उपरांत समापन किया गया ।समापन के समय कैपिटल लायंस क्लब के द्वारा समस्त सहयोग शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम के दौरान लायन अध्यक्ष डॉक्टर लव श्रीवास्तव द्वारा सभी पदाधिकारी व सहयोग शिक्षकों का सम्मान गुलदस्ता व माला पहनकर किया गया। आज समापन कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान न्यास के प्रभारी श्री गोविंद तिवारी महिला पतंजलि योग समिति प्रभारी श्रीमती हेमलता साहू, जिला पतंजलि प्रभारी डॉक्टर के के श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी श्री बाल गोविंद अग्रवाल, किसान सेवा समिति के श्री ऋषि कश्यप जी तथा शिविर संयोजक श्री अनिल गुप्ता जी के साथ कैपिटल लियोन के पदाधिकारी उपस्थित थे महर्षि पतंजलि व हमारे ऋषि मुनियों द्वारा बताए गए तथा योग गुरु स्वामी बाबा रामदेव द्वारा बनाए गए प्रोटोकॉल तथा उनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त योग शिक्षकों के द्वारा आसनों का प्रशिक्षण दिया गया है है।हवन समापन के उपरांत पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी डॉ0 के0 के0 श्रीवास्तव ने सभी योग साधकों तथा कैपिटल लायंस क्लब के प्रति आभार, शुभकामनाएं प्रदान करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त सह-योग शिक्षकों को संगठन से जुड़कर अपनी सेवाएं प्रदान करने को कहा है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से मनेन्द्रगढ़ में 14 करोड़ 91 लाख रूपए के विकास कार्यों की मिली मंजूरी

■ शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय एमसीबी में महाविद्यालय भवन एवं बालक-बालिका छात्रावास भवन का होगा निर्माण

एमसीबी। मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक एवं राज्य सरकार में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर में महाविद्यालय भवन एवं बालक-बालिका छात्रावास भवन के निर्माण की स्वीकृति मिल गयी है। स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 14 करोड़ 91 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिल जाने से शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ -चिरिमिरी-भरतपुर में महाविद्यालय भवन एवं बालक-बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ हो सकेगा, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतर आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।यह स्वीकृति श्री श्याम बिहारी जायसवाल की क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस योजना से न केवल शैक्षणिक वातावरण में सुधार होगा, बल्कि छात्रों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं प्राप्त होंगी, जिससे वे अपने शैक्षणिक जीवन में और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

अस्थायी कनेक्शन के करंट से किसान की मौत, कनेक्शधारी खिलाफ एफआईआर दर्ज.

जांजगीर-चांपा। शहर के आउटर में बांस-बल्ली के सहारे अस्थायी कनेक्शन की चपेट में आकर गुरुवार की सुबह एक किसान की मौत हो गई। बता दें कि बांस-बल्ली के सहारे अस्थायी कनेक्शन लिया गया है, जिसमें तार कट गया था और वह लोहे के जाली में टच कर रहा था। जिसकी चपेट में दवा का छिड़काव करने खेत जा रहे किसान आ गया। किसान का शरीर पूरी तरह से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस ने शव को पीएम के जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाना अंतर्गत गांव जोबी निवासी नरेन्द्र कश्यप पिता शिवप्रसाद (27) शहर के वार्ड 18 खोखसा रोड में अधिया में जमीन की बुआई का कार्य करता था।

वहीं सिटी कोतवाली के टीआई प्रवीण द्विदी ने बताया कि करंट की चपेट में आकर एक किसान की मौत हुई है। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की सूचना पर जांच की जा रही है। कनेक्शधारी की लापरवाही सामने आ रही है। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

सनातन से सिर्फभारत नहीं पूरे विश्व की रक्षा...रितेश्वर जी महाराज

■ सनातन विश्वविद्यालय प्राचीन धरोहरों व संस्कारों का पुनर्जागरण



जांजगीर चांपा। आनंदम धाम ट्रस्ट वृंदावन के पीठाधीश्वर रितेश्वर जी महाराज ने सनातन विश्वविद्यालय के निर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय भारत की धारा बदलने और सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण में अहम भूमिका निभाएगा, महाराज जी ने 'श्री कृष्ण की मुस्कान' को फिर से लाने के इस अभियान का आवाहन करते हुए, इसे देश और समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। महाराज ने अपने प्रवचन में कहा सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों की विद्या ही सही मायने में मनुष्य का निर्माण करती है ,महापुरुषों ने इस धरा पर मानवता की सेवा के लिए जीवन व्यतीत किया और हमें उसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी ,सनातन विश्वविद्यालय का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रमाण है ,जहां भारत की प्राचीन धरोवर और संस्कारों का पुनर्जागरण होताहै, उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान केवल भारत की रक्षा नहीं बल्कि पूरे विश्व की रक्षा है ,इस अभियान का उद्देश्य सर्वे भवंतु सुखीनःके आदर्श को अपनाते हुए विश्व शांति और समृद्धि की स्थापना करता है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया है कि वह इस विराट सदस्यता अभियान में भाग ले और सनातन विश्वविद्यालय एवं सनातन मंदिरों के निर्माण में अपना योगदान दें। सनातन विश्वविद्यालय निर्माण के लिए प्रबंधन कार्यालय खोला गया, इस मौके पर प्रसिद्ध आर्किटेक्ट श्यामलाल, भाजपा नेता पंकज चौबे, आदि मौजूद थे ।इस कदम की सराहना करते हुए महाराज ने लोगों से आवाहन किया कि वह आर्थिक सहायता के बजाय समय श्रम और ज्ञान के माध्यम से इस अभियान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर वर्ग के लिए है और सभी को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए, विशेश्वर जी महाराज ने यह भी कहा कि श्री कृष्ण की मुस्कान को फिर से लाने का अर्थ है प्रेम करुणा और सद्भावना का संचार करना, उन्होंने इसे कृष्णा मुस्कान अभियान के रूप में प्रस्तुत किया ,जिसके तहत छोटी-छोटी वीडियो के माध्यम से जागरूकता फैलाने का सुझाव दिया गया। अंत में महाराज जीने सभी से इस अभियान में जोड़ने का आग्रह किया और उसे विश्व कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया ,उक्त बातें साक्षा करने उनके परम शिष्य जीतू जितेंद्र अग्रवाल ने स्वदेश ब्यूरो पवन अग्रवाल से की है ।

मंदिरों में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार..

जांजगीर-चांपा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी गेंदराम पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 18.09.2024 को सुबह 5:00 बजे सिद्ध बाबा मंदिर बर्रा का पुजारी मंदिर पूजा करने गया तो देखा कि मंदिर में लगे दो नग घंटी और दान पेटी जुमला कीमती 6500 रुपए को अज्ञात चोर के द्वारा रात्रि में चोरी कर ले गए है की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 361/ 24 धारा 331,(4)305 बीएनएस कायम किया गया. इसी प्रकार प्रार्थी शिव प्रसाद साहू निवासी मिसदा ने रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 17.09.2024 की दरमियानी रात अज्ञात आरोपी द्वारा बर्रा मोड़ के पास के पास हनुमान मंदिर में हनुमान जी की मुकुट वजनी 40 तोला को अज्ञात चोरों के द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए है, की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में अपराध क्र 363/24 धारा 331(4)305 बीएनएस कायम कर विवेचना एवं आरोपी पता साजी में लिया गया.विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के प्रकरण में तत्काल कार्यवाही के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा चोरी गए माल की पतासाजी के लिए अलग-अलग दो टीम बनाकर रवाना किया गया था, मुखबीर से सूचना मिली की सहदेव पटेल को घटना दिनांक के दिन रात्रि में मंदिर के आस-पास घूमते हुए देखा गया है, जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया आरोपी के द्वारा अपने साथी चंद्रशेखर पटेल के साथ दोनों जगह की मंदिरों से घंटी, चांदी के मुकुट और दान पेटी को चोरी करना और अपने घर में चांदी के मुकुट और घंटी को छुपाना बताया वहीं चंद्रशेखर पटेल के पास में दान पेटी को होना बताया आरोपीयो के निशान देही पर चांदी का मुकुट, घंटी को जप्त किया गया दान पेटी को तालाब में फेकना बताए जिसे बताए अनुसार तालाब के अंदर जाल फेकवाकर दान पेटी को बारामद किया गया, आरोपीयो के द्वारा सिद्ध बाबा शिव मंदिर और बर्रा मोड़ हनुमान जी के मंदिर से चोरी करने के आरोप में पर्याप्त अपराध सबूत पाए जाने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया।गिरफ्तार आरोपी सहदेव पिता स्वर्गीय वेद राम पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी मोहतरा थाना नवागढ़,चंद्रशेखर पटेल उर्फगुड्डु पिता विश्राम पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी मोहतरा थाना नवागढ़

आईसेक्ट का छात्रों के लिए बृहद कांउसलिंग अभियान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कौशल विकास के महत्व को युवाओं तक पहुँचाने का अनूठा प्रयोग

कोसा कांसा और कंचन की नगरी चांपा में आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2024 का हुआ भव्य स्वागत

22 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही यात्रा

चांपा। कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 39 वर्षो से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं करियर कांउसलिंग के उद्देश्य से देशव्यापी कौशल विकास यात्रा दिनांक 9 सितंबर से पूरे देष में आयोजित की जा रही है। देश के 22 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही ये यात्रा 21 सितम्बर को चांपा नगर में गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आईसेक्ट कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र पहुंची जहां समन्वयक मूलचन्द गुप्ता, संस्था के स्टॉफ तथा विद्यार्थियों ने इस कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आईसेक्ट कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र चांपा और शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बरपाली चांपा में सेमिनार का आयोजन भी किया गया जिसमें यात्रा में साथ चल रहे विषय विषेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुये केरियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस मोके पर अतिथि रहे प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, नायब तहसीलदार प्रशांत गुप्ता ने विद्यार्थियो से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है और डेमोग्राफिक्र डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास के प्रति जागरूक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए के वे स्वयं को उद्योग जगत की आवष्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं। इससे वे स्वंय के केरियर को दिशा प्रदान करने के साथ भारत की प्रगति में भी योगदान दे पाएंगें।इस दौरान आइसेक्ट कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र चांपा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे - प्रधानमन्त्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, डिजिटल साक्षरता इत्यादि की जानकारी प्रदान दी गई। यात्रा के साथ आए अरुण कुमार साहू ने बताया कि कौशल विकास यात्रा कई वर्षो से आईसेक्ट द्वारा युवाओं को कौशल विकसित करने के महत्व को समझाने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है, जिसे विभिन्न राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। इस यात्रा में आईसेक्ट की नवीन गतिविधि जैसे बैंकिंग, आधार, ऑनलाइन टोल भुगतान, स्कूल कंटेंट, प्ले स्कूल, आईसेक्ट लर्न, आनलाईन फ्री कोर्सेस ; जीवन बीमा आनलाईन सेवॉए, रोजगार मंत्रा पोर्टल इत्यादि से शाखाओं एवं छात्रों को अवगत कराया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन मूलचन्द गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन आर पी पटेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रुप में प्रेस क्लब के गौरव गुप्ता, साहित्यकार शशि भूषण सोनी, संस्था के प्राचार्य संत सर, संस्था के अन्य स्टॉफ एवं विजय पटेल, विकास शर्मा सहित अन्य केंद्र समन्वयक भी उपस्थित रहे।गौरतलब है कि 9 सितंबर से शुरू होने वाली यह यात्रा 22 राज्यों के 300 जिलों तक पहुंचेगी जहां इसमें आईसेक्ट एन.एस.डी.सी. पार्टनरशीप में संचालित किए जा रहे पाठयक्रमों की जानकारी और आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा चलाए जा रहें कोर्सेस से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है। साथ ही आईसेक्ट के अंतर्गत संचालित फ्यूचर स्किल कोर्सेस की भी जानकारी दी जा रही है। इसके लिए आईसेक्ट द्वारा वाहनों को विशेष रूप से तैयार किया गया है। इन यात्रा वाहनों पर कौशल विकास से संबधित विभिन्न योजनाओं की ब्रांडिंग से सुसज्ति किया गया है। साथ ही इन यात्रा वाहनों में कौशल विकास की योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री उपब्ध है जो यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में वितरित की जा रही है।उल्लेखनीय है कि आईसेक्ट और भारत सरकार के उपक्रम के तहत हुए समझौते के अंतर्गत विभिंन कम्प्यूटर पाठयक्रमों में प्रवेश भी प्रारंभ हो गए हैं। इसमें 250 से भी अधिक डिप्लोमा पाठयक्रमों को शामिल किया गया है।

सक्ती के युवक का मेरठ रेलवे स्टेशन में हुआ अपहरण.......

जांजगीर चांपा । बताया जा रहा है कि सक्ती जिले के हसौद थाना क्षेत्र के दो भाई उत्कल एक्सप्रेस से हरिद्वार काम करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बीच में 4-5 अज्ञात युवकों ने एक भाई का अपहरण कर लिया। युवक के भाई ने जीआरपी में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने से युवक के भाई ने वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मदद की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक, हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम डोमाडीह निवासी जयश्री केंवट अपने भाई गुलशन केंवट के साथ 14 सितंबर को उत्कल एक्सप्रेस से हरिद्वार काम करने जाने के लिए निकला था। अगले दिन 15 सितंबर को ट्रेन मेरठ रेलवे स्टेशन पहुंची। मेरठ स्टेशन से 4 अज्ञात युवक ट्रेन में चढ़े। थोड़ी दूर जाने के बाद चारों युवकों ने जबरदस्ती गुलशन का अपहरण कर लिया। जिसके बाद जयश्री ने मामले की शिकायत जीआरपी में की।

संक्षिप्त समाचार

जिले के सभी स्कूलों में आयोजित हुआ मेगा पालक - शिक्षक सम्मेलन

जांजगीर। शिक्षकों एवं पालकों के बीच समन्वय बढ़ाने, शिक्षा के गुणवत्ता का उन्नयन करने के लिए आज जिले के सभी स्कूलों में मेगा पालक-शिक्षक सम्मलेन का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा आज पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 जांजगीर में आयोजित पालक शिक्षक सम्मेलन में शामिल हुए। कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो न केवल बच्चों को ज्ञान प्रदान करे, बल्कि उन्हें अच्छा नागरिक बनाएं। उन्होंने छात्रों को समय के अनुरूप चलते हुए कड़ी मेहनत करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में शिक्षा का स्तर बढ़ने में जितना शिक्षकों का योगदान रहता है उतना ही पालकों कि योगदान जरुरी है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई का नियमित आंकलन करने तथा स्कूल की बैठक में नियमित रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशानुरूप शिक्षक एवं पालकों के बीच बेहतर समन्वय, शिक्षा की गुणवत्ता एवं बच्चों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित करने के लिए पीटीएम आयोजित किया जा रहा है। जैसे पालक घर में अपने बच्चों की देखभाल करते है, वैसे ही शिक्षक स्कूल में विद्यार्थियों की देखभाल करते हैं और दोनों के ही समन्वय से बच्चों का बेहतर विकास सुनिश्चित होता है। कलेक्टर ने अभिभावकों से बच्चों के टेस्ट परिणाम व पढ़ाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की और अभिभावकों से कहा कि वे प्रतिदिन अपने बच्चों से संवाद करें, बच्चों से पूछे की आज क्या सीखा? बच्चे जब विद्यालय से घर पहुंचे तब अभिभावक उनसे जरूर यह पूछें कि उन्होंने आज विद्यालय में क्या पढ़ा और आज क्या सीखा, इसकी जानकारियां बच्चों से अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह शिक्षकों से मिलकर पूछें बच्चा कैसे पढ़ाई कर रहा है। बच्चों के रूचि वाले क्षेत्र में बेहतर करने के लिए उन्हे प्रोत्साहित करें। पीटीएम में पलकों ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ स्कील भी सिखाएं जिससे बच्चों में मानसिक विकास शारीरिक विकास भी हो सके। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, सयुंक्त कलेक्टर श्री ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, डीएमसी श्री आर के तिवारी सहित पालकगण, छात्र-छात्राएं एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

बिलासपुर। श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योंगिकी मंत्री ने कल दिनांक 20 सितंबर' 2024 को दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई । इस मौके पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार और उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पर्यटक अब भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का ले सकेंगे अनुभव इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति का अनुभव कराने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के तहत भारत गौरव यात्रा के रूप में एक के बाद एक भारत गौरव यात्रा ट्रेनें जोड़ी जा रही हैं। पर्यटक अब भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का बेहतरीन अनुभव कर सकेंग। यह ट्रेन अपने पैकेज में अयोध्या, सीतामढ़ी, जनकपुर, काशी विश्वनाथ और पशुपतिनाथ को कवर करेगी । ठहरने और यात्रा की सभी व्यवस्थाएं भारतीय रेलवे द्वारा वहन की जाएंगी । अब तक सबसे लोकप्रिय यात्रा ट्रेनों में श्री रामायण यात्रा, श्री जगन्नाथ यात्रा, बुद्ध यात्रा, महावीर यात्रा, गुरु कृपा यात्रा, ज्योतिर्लिंग भक्ति यात्रा, अंबेडकर यात्रा, चारधाम यात्रा, पुण्य काशी यात्रा, पूर्वोत्तर खोज, उत्तर भारत यात्रा और दक्षिण भारत यात्रा आदि शामिल हैं ।

राज्य स्तरीय स्कूल क्रीड़ा प्रतियोगिता में आज संपन्न मैच और परिणाम

बिलासपुर। 24वें राज्य स्तरीय स्कूल क्रीड़ा प्रतियोगिता के आज आयोजित किए गए मैच और उनके परिणाम इस प्रकार हैं - बेसबॉल के 14 वर्षीय बालक कैटेगरी में बस्तर और रायपुर के बीच मैच हुआ जिसमें बस्तर ने रायपुर को 3- 0 से शिकस्त दी । बिलासपुर और सरगुजा के बीच हुए मैच में बिलासपुर ने सरगुजा को 4- 0 से हराया । दुर्ग और सरगुजा के बीच हुए मुकाबले में दुर्ग ने सरगुजा को 7-0 से करारी हार दी । 14 वर्षीय बालिका कैटेगरी में दुर्ग की टीम ने सरगुजा को 3 के मुकाबले 4 अंको से हराया , बिलासपुर ने रायपुर को 6-1 से पटखनी दी , बस्तर ने रायपुर को 7- 0 से हराया । 19 वर्षीय बालक कैटेगरी में दुर्ग ने सरगुजा को 4- 0 से हराया वही बस्तर ने रायपुर को 3-0 से हराया . बिलासपुर और सरगुजा के बीच हुए मुकाबले में बिलासपुर ने सरगुजा को 1-0 से हराया । 19 वर्षीय बालिका कैटेगरी में बस्तर ने सरगुजा को 8-0 से हराया वहीं दुर्ग ने रायपुर को 7-0 से मात दी । इस वर्ग के अंतिम मैच में बिलासपुर ने रायपुर को 1 के मुकाबले 14 अंकों से कारारी मात दी ।

विगत दो महीनों से दोनों दलित महिलाएं हो रही हैं मानसिक प्रताड़ना का शिकार

नौकरी लगवाने के नाम पर पचास हजार रुपए नकद लेते सरपंच पति हुआ कैमरे में कैद.....

पृथक छत्तीसगढ़/पामगढ़

आज के दौर में ठगी के शिकार होने की घटनाएं आम बात हो गयी है। कुछ जालसाज लोग सीधे-सादे और भोले-भाले गरीब लोगों को तरह-तरह का प्रलोभन देते हुए अपना शिकार बनाते हैं। इनका मकसद केवल उन गरीब लोगों से पैसे ऐंठना ही होता है और इसके लिए ये जालसाज़ लोग किसी भी हद तक झूठे वादे करने से पीछे नहीं हटते। ख़ैर ये तो इन धोखाधड़ी करने वाले लोगों की आदत ही होती है क्योंकि इसी से उनकी जिंदगी चलती है। लेकिन हद तो तब हो जाती है जब जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि के पति भी गरीब लोगों को बहला फुसला कर धोखाधड़ी का शिकार बनाने लग जाते हैं। जी हाँ, आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी सच्ची घटना जिसमें एक सरपंच पति ने गरीब दलित महिलाओं को कई तरह के प्रलोभन दे कर उन्हें ठगी का शिकार बनाया और उनसे मोटी रकम लेते स्वयं ही कैमरे में कैद हो कर अपने ही बनाये जाल में फँस गया।

नौकरी दिलाने और निजी स्कूल में बच्चे की भर्ती कराने का दिया था प्रलोभन

दरअसल यह मामला जांजगीर जिले के पामगढ़ ब्लॉक अंतर्गत एक ग्राम पंचायत का है जहाँ के महिला सरपंच के पति ने दो महीने पहले दो दलित महिलाओं को अपनी ठगी का शिकार बनाया। जिसमें से एक महिला को आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी दिलाने का प्रलोभन दिया और इसके बदले उसने महिला से पचास हजार रुपये भी ऐंठ लिया जबकि दूसरी महिला को उसने आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी दिलाने सहित उसके बच्चे को आरटीई के तहत पामगढ़ के निजी स्कूल में भर्ती कराने का लालच दिया और बदले में उससे साठ हजार रुपये भी ले लिया। इन दोनों घटनाओं में जहाँ एक महिला ने अपना खेत गिरवी रख कर पैसों

का इंतजाम किया था तो वही दूसरी महिला ने अपने पहने हुए जेवर मंगलसूत्र समेत गिरवी रख कर सरपंच पति को पैसे दिए थे। आंगनबाड़ी सहायिका की चयन सूची जारी होने पर जब उन महिलाओं को पता चला कि उनकी नौकरी नहीं लगी है और आरटीई के तहत बच्चे का भी फ्री एडमिशन नही हुआ है तब उन्होंने सरपंच पति से अपने द्वारा दिये गए रकम को वापस करने की बात कही। तब सरपंच पति ने उन महिलाओं से कहा कि एक हफ्ते बाद रकम वापस कर दूंगा। लेकिन तब से ले कर आज तक सरपंच पति उन गरीब महिलाओं को असहाय समझ कर तारीख पर तारीख देते आ रहा है। इस तरह दोनों महिलाएं पिछले दो महीनों से मानसिक तनावग्रस्त जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।

सहनशक्ति टूटी तब नारी शक्ति जुटी,वीडियो का किया खुलासा

जी हाँ,सरपंच पति को पचास हजार रुपये की बड़ी रकम बिना लिखा पढ़ी के देना सम्भवतः ठगी का शिकार हुई पहली दलित महिला के परिवार के किसी सदस्य को उचित नहीं लगा होगा या शायद उस सदस्य को सरपंच पति के पूर्व क्रियाकलापों की जानकारी रही होगी इसलिए उसने किसी तरह इस पचास हजार रुपये के लेन देन का एक वीडियो बना लिया था। जिसमें सरपंच पति को पचास हजार रुपये जिसमें पाँच सौ रुपये के नोटों का बंडल था लेते हुए और ये कहते हुए स्पष्ट देखा सुना जा सकता है कि गाँव घर की बहन बेटी के होते दूसरी महिलाओं की नौकरी क्यों लगे फिर ये भी कहा कि उसने नौकरी के लिए अंतिम निर्णायक समिति से बात कर ली है। आप लोग बेफिक्र रहो एक बार नौकरी लग जाये फिर कोई कुछ भी करता रहे,कुछ नही होने वाला। साथ ही उसने ये भी कहा कि यदि किसी कारणवश नौकरी नहीं लगी तब वो 15 दिनों के भीतर पैसे वापस कर देगा क्योंकि वह जो कहता है वही करता भी है। लेकिन नौकरी नहीं लगने के बाद पैसे वापस मिलने के बजाय पिछले दो महीनों से लगातार तारीख पर तारीख मिलने से परेशान हो कर उस महिला ने वह वीडियो हमें इस विश्वास पर दिया है कि हम उन्हें इस मामले में न्याय दिलाएंगे। चूँकि यह मामला एक ही गाँव के लोगों के बीच का है जिनमें आपसी मनमुटाव ना हो इसलिए हम उस सरपंच पति के इस कृत्य का पर्दाफाश अभी नहीं कर रहे हैं। साथ ही उसे 30 सितम्बर तक का अंतिम बार वक्त देते हैं कि वो उन दोनों महिलाओं को उनकी रकम दो महीनों के ब्याज सहित वापस लौटाए क्योंकि पिछले दो महीनों से आज तक तारीख पर तारीख दे कर उसने उन महिलाओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है। यदि नियत समय तक सरपंच पति पैसे नहीं देता है तब पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के समक्ष उसके खिलाफ धोखाधड़ी और मानसिक प्रताड़ना का मामला दर्ज़ कराया जाएगा और तब वह जालसाज़ सरपंच पति आम जनता के सामने बेनकाब भी हो जाएगा।

कई महिलाओं से ठगी करने सहित भ्रष्टाचार करने का भी लग रहा आरोप

सूत्रों से पता चला है कि उस सरपंच पति ने इन दोनों महिलाओं के अलावा भी कई महिलाओं को नौकरी दिलाने का प्रलोभन दे कर उनसे भी मोटी रकम वसूल की है। उनकी संख्या तभी स्पष्ट हो पाएगी जब वे भी नारी शक्ति के साहस का परिचय देते हुए आगे आ कर अपने ऊपर हो रहे अन्याय का विरोध करेंगी। इसके साथ ही उस सरपंच पति पर पंचायत स्तर के निर्माण कार्यो में भी भारी अनियमितता बरतते हुए भ्रष्टाचार करने का आरोप भी लगाया जा रहा है जो जाँच में सही सिद्ध होने पर उसे जीवन भर के लिए सलाखों के पीछे ले जा सकता है।अब देखना यह होगा कि क्या नियत समय तक सरपंच पति उन महिलाओं के रकम वापस करता है और अपनी साख बचाता है या फिर उसके खिलाफ धोखाधड़ी सहित मानसिक प्रताड़ना का मामला दर्ज होता है जिससे वह सलाखों के पीछे नजर आएगा। यह भी कुछ ही दिनों बाद सबके सामने आ ही जायेगा।

सिम्स में महिला के मौत की जांच करने कलेक्टर ने निर्देश

बिलासपुर। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने सिम्स में इंजेक्शन से 56 वर्षीय महिला की कथित मौत पर संज्ञान लिया है। उन्होंने इस घटना की जांच के लिए टीम गठित की है। समिति को तीन दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। उन्होंने कहा कि लापरवाही उजागर होने पर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जायेगा। अस्पताल अधीक्षक डॉ सुजीत नायक ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जांच कमिटी का गठन कर लिया गया है। समिति ने जांच भी शुरू कर दी है। कलेक्टर ने अस्पताल में ऐसी व्यवस्था शुरू करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने कहा जिसमें मरीज को केवल एक बार ही पंजीयन काउंटर पर आना पड़े। इसके बाद मरीज को सीधे ही सम्बन्धित विभाग में उपचार के लिए रखा जाए। मरीज के परिजन पंजीयन कक्ष में सारी औपचारिकताएं एक ही बार में पूरी कर सकें। निगम आयुक्त अमित कुमार, अस्पताल अधीक्षक डॉ. एसके नायक सहित संबंधित अधिकारी भी निरीक्षण में साथ थे।कलेक्टर अवनीश शरण ने आज फिर सिम्स अस्पताल का जायज़ा लिया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए जल्द हेल्प डेस्क बनाने कहा। उन्होंने कहा कि पंजीयन काउंटर के पास ही मरीजों को अस्पताल में सहूलियत देने हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए। यहां एक डेडीकेटेड कर्मचारी नियुक्त करने कहा जो मरीजों को सभी तरह की जानकारी सरल भाषा में दे सके। कलेक्टर ने पूरे अस्पताल में घूम घूम कर साफ सफाई का जायजा लिया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कलेक्टर अमृत विकास ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ किया साफ सफाई

सक्ती 21 सितंबर 2024/ स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय और कलेक्टर कार्यालय परिसर पर साफ सफाई किया। कलेक्टर श्री तोपनो के निर्देशन में आज जिला प्रशासन सक्ती और शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ती के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी छात्र छात्राओं को स्वच्छता का संदेश दिए और अपने घर, स्कूल, कॉलेज सहित सभी को अपने आसपास साफ सफाई रखने तथा स्वच्छता का

विशेष ध्यान रखने कहा । इस अवसर पर स्वागत की कड़ी में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो का स्वागत प्रो. सोमेश कुमार घितोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा पुष्पगुच्छ और एनएसएस बैज लगाकर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा छात्र छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम में आज कॉलेज कैंपस कलेक्ट्रेट सक्ती और रेलवे स्टेशन जेठा पर भी साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर आज छात्र छात्राओं के मध्य स्वच्छता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिता जिसमे रंगोली, पोस्टर और भाषण गीत में भाग लिया गया साथ ही सभी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर श्री दुष्यंत रायस्त, डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार, शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री डी पी पाटले, असिस्टेंट प्रोफेसर श्री सोमेश घितोड़े, प्रो अजय देवगन, प्रो ललित सिंह, प्रो हेमपुष्पा चंद्रा, प्रो ऋतु पटेल, प्रो सीमा साहू, प्रो महेंद्र यादव, प्रो अनिल खरे, प्रो ज्योति कुशवाहा, प्रो टी पी टंडन, प्रो विद्या सागर, प्रो श्रुति द्विवेदी सहित महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राए उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े द्वारा किया गया।

बिजली की आँख मिचौली से उपभोक्ता हो चुके परेशान

■ विद्युत उपभोक्ताओं ने फीडर बदलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

पृथक छत्तीसगढ़/मुरली मनोहर शर्मा/पामगढ़

पामगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चंडीपारा के किसान राइसमिल रोड लाइन में रहने वाले विद्युत उपभोक्ताओं ने फीडर बदलने की मांग को ले कर विद्युत विभाग के जिम्मेदारों को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के अनुसार ग्राम चंडीपारा में विद्युत आपूर्ति पामगढ़ फीडर से की जा रही है जो कि केवल दुपट्टा मोड़ तक ही सीमित कर दी गयी है। जबकि किसान राइस मिल रोड लाइन सहित पूरे मुहल्ले को सेमरिया फीडर से जोड़ दिया गया है।चूंकि किसान राइस मिल रोड लाइन भी चंडीपारा अंतर्गत आता है इसलिए इस क्षेत्र को भी पामगढ़ फीडर से जोड़ा जाए। ज्ञापन सौंपने के 15 दिनों बाद भी आवश्यक कार्यवाही नहीं किये जाने पर इस मामले को खबर के माध्यम से विद्युत विभाग सहित प्रशासन के संज्ञान में लाया जा रहा है ताकि शीघ्र ही प्रशासन इस समस्या का समाधान करें।

सेमरिया फीडर है सबसे बड़ा और व्यस्ततम फीडर

आपको बता दें कि सेमरिया फीडर से कई अन्य गांवों को भी विद्युत आपूर्ति की जाती है। इन गाँवों की लाइनें खेतों से हो कर गुजरती हैं जिसके चलते तारों के ऊपर पेड़ों के गिरने की वजह से आये दिन बिजली बंद कर दी जाती है। इसके अलावा इस फीडर में आये दिन जंफर कटना,स्विच का जलना,ट्रिपिंग आना,डीईओ गिरना और अन्य गाँवों के ट्रांसफार्मर खराब होने आदि समस्याओं सहित अन्य कार्यों के लिए बार बार परमिट लेते हुए विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है जिसके चलते राइस मिल रोड लाइन के विद्युत उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है क्योंकि उन्हें सही समय पर ड्यूटी जाने रोजमर्रा के कामों को पूरा करने के लिए बिजली की जरूरत होती है।

फीडर बदलने की मांग है तर्कसंगत

विद्युत विभाग के जिम्मेदारों को स्वयं विचार करना चाहिए कि जब किसान राइस मिल क्षेत्र को छोड़कर पूरे चण्डीपारा को पामगढ़ फीडर से जोड़ा गया है तो महज 500 मीटर दूरी तक फैले इस रोड लाइन एरिया को पामगढ़ फीडर में जोड़ा जाना न्यायसंगत है या नहीं। जिस समय चंडीपारा को पामगढ़ फीडर में जोड़ा गया होगा उसी समय इस एरिया को भी पामगढ़ फीडर से जोड़ने का ख्याल जिम्मेदारों को क्यों नहीं आया ये भी अपने आप मे बड़ा सवाल है। यदि उसी समय जिम्मेदारों ने प्रस्ताव बना कर भेज दिया होता तो आज ये समस्या ही खड़ी नहीं होती।अब देखना यह होगा कि विद्युत विभाग के जिम्मेदार कब अपनी गलती सुधारते हुए किसान राइस मिल रोड लाइन को भी पामगढ़ फीडर से जोड़ते हैं ताकि यहाँ के विद्युत उपभोक्ताओं को भी बिजली की समस्या से राहत मिल सके।

ज्ञापन के आधार पर किसान राइसमिल रोड लाइन को पामगढ़ फीडर में जोड़ने के लिए प्रस्ताव बना कर भेजा जा चुका है,प्रस्ताव स्वीकृत होते ही आगे की आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

मिलिंद पांडेय/ कार्यपालन यंत्री,विद्युत विभाग

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक शेख मुबारक के लिए पूर्णिमा ट्रेडर्स, संस्कार पब्लिक स्कूल कैंपस बोंदाटिकरा रोड़, गढ़उमरिया रायगढ़ छत्तीसगढ़ से मुद्रित कराकर मु.पो.- हसौद, व्हाया- बिर्रा, तहसील- जैजैपुर, थाना-हसौद, जिला-सक्ती से प्रकाशित। संपादक- शेख मुबारक पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदार। मो. 7697338503 प्रकाशित समाचारो से संबंधित वाद सक्ती न्यायालय के अंतर्गत ही मान्य होगा।